# टोंक जिले भर में भाजपाईयों ने जिलाध्यक्ष चौहान का जन्मदिवस मनाया

टोंक। भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चौहान का जन्मदिन भाजपा कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों सहित जनप्रतिनिधियों द्वारा धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान जिलाध्यक्ष ने सर्वप्रथम अन्नपूर्णा गणेश मन्दिर में पूजन, दर्शन कर बाद में जैन नसिया में आचार्य वर्धमान सागर महाराज से आशीर्वाद लिया तथा गोकुलधाम गौशाला में भगवान शिव का अभिषेक, गौमाता पूजन भी किया। उन्होंने आचार्य वर्धमान सागर महाराज से लिए गए संकल्प के अनुसार 108 पौधों का रोपण गोकुलधाम गौशाला में किया गया। बाद में जिलाध्यक्ष ने पन्नाधाय महाविद्यालय में कार्यकर्ताओ से स्नेहमिलाप कार्यक्रम के तहत हर घर तिरंगा अभियान के तहत तिरंगे भी वितरित किए तथा जन्मदिन कार्यक्रम में पहुँचकर पूर्व भाजपा प्रदेशाध्यक्ष व वित्त आयोग अध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी ने भेंट की।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष चौहान ने कहा कि कार्यकर्ताओ का प्रेम ही मेरी शक्ति है, हर समय मैं कार्यकर्ताओं के लिए खड़ा रहूँगा तथा उनका प्रेम, आशीर्वाद, और सहयोग हमेशा ऊर्जा और प्रेरणा प्रदान करती है, यह स्नेह और विश्वास हमारी जनसेवा को और अधिक समर्पण और दृढ़ता से आगे बढ़ाने का संबल देता है। जन्मदिन कार्यक्रम में पूर्व सांसद सुखबीर सिंह जौनापुरिया, राजपूत महासभा प्रदेशाध्यक्ष रामसिंह, जिला प्रमुख सरोज बंसल, पूर्व जिलाध्यक्ष राजेन्द्र पराना, पूर्व जयपुर जिलाध्यक्ष श्याम शर्मा, दीक्षा खंडेलवाल, पूर्व सभापति लक्ष्मी जैन, जिला महामंत्री विष्णु शर्मा, प्रभु बाडोलिया, संतकुमार जैन, नरेश बंसल, जिला उपाध्यक्ष शैलेन्द्र चौधरी, प्रधान काबरा, बबलू, दीपक संगत, रामचंद्र गुर्जर, रामनिवास गुर्जर, जिला मंत्री हरिराम यादव, नीलिमा आमेरा, शकुंतला वर्मा, बीना छामुनिया, तरुण टिक्किवाल, राधेश्याम चांवला, कोषाध्यक्ष महेंद्र सिरोठा, सह कोषाध्यक्ष मोनिका जैन, कार्यालय सहमंत्री शम्भू शर्मा, प्रवक्ता रत्तीराम पहाड़िया, मीडिया प्रभारी कमलेश यादव, सोशल मीडिया प्रभारी गणेश सैनी, आई टी संयोजक लोकेश गुप्ता, बलवंत मराठा, हेमंत सैनी, आरव सिसोदिया, पार्षद हिम्मत सिंह, धर्मेंद्र सिंह राजावत, बेनी प्रसाद जैन, मंडल अध्यक्ष नंदलाल सहित सैकडो कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस मौके पर बाद में निवाई विधायक रामसहाय वर्मा, पालिकाध्यक्ष दिलीप ईसरानी ने भी पहुँचकर जिलाध्यक्ष को जन्मदिवस की बधाई दी।



टोंक में भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चौहान का जन्मदिन भाजपा कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों सहित जनप्रतिनिधियों द्वारा धूमधाम से मनाया ।

**■ 108 पौधों का रोपण गोकुलधाम गौशाला में किया**

## संक्षिप्त

### सैनी के जन्मदिवस पर पौधारोपण

**कोटपूतली।** नगर पालिका कोटपूतली के चेयरमैन रहे एड. महेन्द्र कुमार सैनी का जन्मदिवस बुधवार को भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास से मनाया गया। इस दौरान विभिन्न मंदिरों व देवस्थानों पर देवदर्शन कार्यक्रम के साथ-साथ पीएम मोदी के अभियान एक पेड़ मां के नाम व मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के निर्देश पर चलाये जा रहे हरियालों राजस्थान अभियान के तहत पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस अवसर पर ग्राम कांसली स्थित श्री गणेश व हिरोडा स्थित श्री बालाजी मंदिर, बानसूर रोड स्थित मण्डी परिसर के शिव मंदिर, श्री नागाजी महाराज मंदिर, तालाब वाले श्री हनुमान मंदिर, ग्राम पूतली स्थित श्री देवनारायण मंदिर, ग्राम सांगटेडा स्थित पीला जोहड़ मंदिर एवं ग्राम गोनेडा स्थित बाबा सेवा रावत आदि मंदिर में देवदर्शन कर पौधारोपण किया गया। कस्बा स्थित श्री जयसिंह गौशाला में गौ सेवा के साथ-साथ देवदर्शन व पौधारोपण का आयोजन हुआ। इस अवसर पर पूर्व चेयरमैन एड. महेन्द्र कुमार सैनी ने कहा कि जन सेवा को ध्येय मानकर लोक कल्याण के लिये कार्य करना ही जीवन का उद्देश्य है। इस मौके पर जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेंद्र सिंह, क्षेत्रीय विधायक हंसराज पटेल, भाजपा जिला जयपुर देहात उत्तर के अध्यक्ष सुरेश बादलीवाल ने एड. सैनी को जन्मदिवस की बधाई प्रेषित की। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि करण पटेल, जिला उपाध्यक्ष जयराम सिंह गुर्जर एवं विनोद सिंह, जिला महासचिव पूर्व सैनी समाज अध्यक्ष राकेश सैनी, पूर्व उपाध्यक्ष रोहिताश सैनी, विक्रम सैनी, रमन सैनी, नितिन गोयल, व रमेश सैनी सहित अन्य मौजूद रहें।

### 'उपहार की जगह जनता की जेब काटी'

**अलवर।** नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली बोले रोडवेज एवं निजी बसों का सफर 10 से 30 प्रतिशत बढ़ाकर सरकार ने अपनी मंशा साफ कर दी है कि त्योहार पर छूट देने की आड़ में प्रदेशवासियों की जेब पर भार डाला गया है। जूली ने तंज कसते हुए कहा कि महंगाई बोलकर भाजपाइयों की भावनाएं आहत ना की जाए ,वैसे प्रदेश में सब कुछ ठीक है बस महंगाई चरम पर है, गुंडाराज और माफिया बेलगाम हैं, तानाशाही हावी है और सरकार वो दिल्ली दरबार की जी-हुजूरी और अपनी ब्रांडिंग में व्यस्त है, सिर्फ जनता ही त्रस्त है ।

### रिहर्सल में जुटे स्कूली बच्चे

**अजमेर** (कासं)। 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस समारोह का जिला स्तरीय कार्यक्रम पुलिस लाइन मैदान में आयोजित होगा। जिला प्रशासन द्वारा मैदान में टेन्ट, कुर्सियां लगाने के साथ अन्य तैयारियां शुरू कर दी है। बुधवार को स्कूली बच्चों ने भी सामूहिक व्यायाम का रिहर्सल किया है। वहीं माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के राजीव गांधी सभागार में 14 अगस्त को पूर्व संध्या में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा। जिला प्रशासन व शिक्षा विभाग सहित अन्य विभाग पुलिस लाइन मैदान में समारोह की तैयारियां में जुटे हैं। स्कूली बच्चों को पीटी-परेड का अभ्यास कराया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर जिला प्रशासन द्वारा टेंट लगाकर व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने में लगा है। मानसून की बरसात के मद्देनजर प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर है। समारोह में करीब तीस स्कूलों के करीब 600 से अधिक बच्चे सांस्कृतिक व व्यायाम प्रदर्शन में भाग ले रहे हैं।

## बौद्धिक संपदा अधिकार पर ई-वर्कशॉप हुई

**टोंक** । राजकीय महाविद्यालय टोंक में बौद्धिक संपदा अधिकार (आई.पी.आर) विषय पर ई वर्कशॉप का आयोजन हुआ। कार्यशाला के प्रारंभ में प्राचार्य लोकेश कुमार शर्मा ने संबोधन में कहा कि विद्यार्थी व संकाय सदस्य अपने स्टार्ट-अप, रचनाओ व शोध इत्यादि को बौद्धिक संरक्षण अधिकार द्वारा संरक्षित कर सकते हैं, यह विकास व नवाचार का महत्वपूर्ण हिस्सा है। बाद में मुख्य वक्ता डॉ लक्ष्मी मीणा, सहायक नियंत्रक (पेटेंट एवं डिजाइन), पेटेंट ऑफिस, दिल्ली, वाणिज्य मंत्रालय, भारत सरकार ने कहा कि बौद्धिक संपदा अधिकार मानव मस्तिष्क के विचारों में उत्पन्न उपज है, इन विचारों को पेटेंट, ट्रेडमार्क और कॉपीराइट के जरिए कानूनी संरक्षण प्रदान किया जाता हैं।अंत में डॉ निकिता ने ए गुड ट्रेड मार्क पर वैश्वीकरण के दौर में बौद्धिक संपदा के महत्व, आवश्यकता, कानून व अधिनियम की विस्तार से जानकारी दी। प्रतिभागियों के संशयों के समाधान के साथ कार्यशाला का समापन हुआ।

# रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास कार्य की गति धीमी होने से रेलयात्री परेशान

**फुलेरा।** उत्तर पश्चिम रेलवे जयपुर मंडल के फुलेरा जक्शंन रेलवे स्टेशन का अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत पुनर्विकास का कार्य धीमी गति से किया जा रहा है, जिसके कारण लगभग दो वर्षों से रेलयात्रियों को मूलभूत सुविधाएं भी नहीं मिल पा रही हैं। गौरतलब है कि फुलेरा रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास कार्य का शिलान्यास प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विगत 6 अगस्त 2023 को वर्चअल शिलान्यास किया गया था, तब से निर्माणधीन कार्य चल रहा है और अभी कार्य गति के अनुसार लगभग एक वर्ष और लगने की सम्भावना है। फुलेरा जंक्शन पर पांच प्लेटफार्म, शौचालय एक : फुलेरा जंक्शन रेलवे स्टेशन पर पांच प्लेटफार्म बने हुए हैं, परंतु मूत्रालय व शौचालय की व्यवस्था तक नहीं है। प्लेटफार्म संख्या 2-3 के मध्य जयपुर की ओर मात्र एक शौचालय बना हुआ है। जानकारी अनुसार फुलेरा रेलवे स्टेशन के मुख्य प्लेटफार्म 2 व 3 की कुल लम्बाई लगभग 800 मीटर है, जिसके एक छोर पर शौचालय बना हुआ है। 20 से 24 डिब्बो की ट्रेन जिसकी लम्बाई भी लगभग 500-550 मीटर के आसपास होती है। इन ट्रेनो में यात्रा करने वाले मुसाफिरों को शौचालय का लाभ नहीं मिल पा रहा है। जबकि फुलेरा जंक्शन से जयपुर, अजमेर, रींगस व जोधपुर की ओर यानि चारों दिशाओं में रेलयात्रा की जा सकती है। जबकि इसकी शिकायत रेल अधिकारियों को की जाती है तो एक ही रटा रटाया जवाब होता है कि पुनर्विकास कार्य चल रहा है।

**■ मुसाफिरों को शौचालय का लाभ नहीं मिल पा रहा ह**



फुलेरा जंक्शन रेलवे स्टेशन पर पुनर्विकास निर्माणधीन कार्य की धीमी गति होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है ।

## सुदामा चरित्र एवं द्वारका लीला की कथा सुनाई

**राजगढ।** कस्बे के बस स्टैंड पर शिव मित्र मंडल सेवा समिति की ओर से आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में बुधवार को सुदामा चरित्र एवं द्वारका लीला की भावपूर्ण कथा में अमन भारती महाराज के प्रवचन सुनकर श्रोता महिला पुरुष भाव विभोर हो गए। सुदामा की दीन दशा एवं करुणा निधि कृष्ण भगवान की ओर से नेत्रों की अविरल धारा से सुदामा के पैर धोने की कथा का मार्मिक प्रसंग श्रोताओं के दिल को छू गया। इससे पूर्व अमन भारती महाराज ने दान की महिमा एवं महत्व के बारे में प्रवचन देते कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपनी हैसियत के मुताबिक दान करना चाहिए। दान से मनुष्य के जीवन में सकारात्मक आती है। कथा के दौरान द्वारका में सुदामा कृष्ण की मित्रता एवं सुदामा की दीन दशा का मनोहारी वर्णन कर उपस्थित स्त्रोतों को मंत्र मुग्ध कर दिया। द्वारिका में श्री कृष्ण की ओर से ही सुदामा का आदर सत्कार एवं सुदामा की पत्नी की ओर से दी गई चावल की पोटली का मर्म स्पर्शी वर्णन किया। सुदामा चरित्र और सुखदेव विदाई की कथा मित्रता एवं गुरु शिष्य परंपरा को जीवंत बनाती है। उन्होंने संदेश देते हुए कहा कि सच्चे मित्र और गुरु हमेशा हमारे साथ खड़े रहते हैं, जीवन के सही मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करते है। इस अवसर पर ठिकाना गंगाबाग के महंत प्रकाश दास महाराज, उमाकांत दास गुड्डू महाराज, एवं अन्य ने कथा वाचक अमन भारती महाराज का भावपूर्ण स्वागत किया। गायक कलाकार संजय राजस्थानी एवं संगीत टीम की ओर से सत्संग का वर्णन किया। इस दौरान महिलाओं ने भजन सत्संग में नृत्य कर आयोजन को चार चांद लगाए।

भंडारे का आयोजन आज : कस्बे के नवीन बस स्टैंड पर सिर्फ मित्र मंडल सेवा समिति की ओर से श्रीमद् भागवत कथा के समापन पर गुरुवार 7 अगस्त को भंडारे का आयोजन होग़ा। इसकी बुधवार से तैयारियां प्रारंभ हो गई। भंडारे से पूर्व हवन यज्ञ एवं महा आरती के साथ अन्य कार्यक्रम आयोजित होंगे। भागवत कथा में प्रतिदिन रात्रि को एक से बढ़कर एक कलाकारों की ओर से आयोजित विशाल जागरण में श्रोताओं ने धर्म लाभ कमाया।

## 'वेस्ट मलबा डंपिंग मामले में सड़क निर्माण कंपनी दोषी'

**कोटपूतली।** राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी राजकुमार सेहरा ने निकटवर्ती सरुण्ड टोल प्लाजा के पास स्थित सोता नदी में वेस्ट मलबा डंपिंग मामले में सड़क निर्माण कंपनी को दोषी माना है। इस गंभीर पर्यावरणीय उल्लंघन पर कार्यवाही हेतु उन्होंने आरएसआरडीसी के परियोजना निदेशक एवं वाटरशेड विभाग को निर्देश जारी किये हैं। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने संबंधित विभागों को कार्यवाही हेतु पत्र प्रेषित किया हैं। सामाजिक कार्यकर्ता राधेश्याम शुक्लावास ने बताया कि यदि प्रशासन, एसडीएम, तहसीलदार एवं स्टेट हाईवे विभाग इस मामले में गंभीरता नहीं दिखाते हैं तो हम नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) का दरवाजा खटखटायेंगे। हमारा संघर्ष पर्यावरण संरक्षण और अवैध खनन जैसी गतिविधियों के खिलाफ निरंतर जारी रहेगा। हम आमजन के जीवन से किसी भी तरह का खिलवाड़ नहीं होने देंगे। यह प्रकरण क्षेत्र में पर्यावरण सुरक्षा को लेकर प्रशासन की जिम्मेदारी और जनजागृति की मिशाल प्रस्तुत करता हैं।

## उपकारागृह का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं जायजा लिया

**किशनगढ़ बास** । जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अलवर के सचिव मोहन लाल सोनी ने किशनगढ़ बास उपकारागृह में बंदियों को प्रदान की जा रही सुविधाओं और उनकी स्थिति का प्रत्यक्ष जायजा लेने को लेकर बुधवार को राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर और अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अलवर के महत्वपूर्ण दिशा- निर्देशों के अनुपालन में औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान सोनी ने जेल अधिकारियों से बंदियों के रहन-सहन, सुरक्षा व्यवस्था और अन्य आवश्यक पहलुओं पर जानकारी ली। निरीक्षण के समय उपकारागृह में कुल 190 बंदी उपस्थित थे। सचिव सोनी ने प्रत्येक बंदी से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना।

उन्होंने खाने-पीने की गुणवत्ता, उपलब्ध भौतिक सुविधाओं जैसे शौचालय, साफ-सफाई, चिकित्सा देखभाल और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का गहनता से निरीक्षण किया। इसके अतिरिक्त, बंदियों को उनके कानूनी अधिकारों और नि:शुल्क विधिक सहायता योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। बंदियों ने चिकित्सा संबंधी समस्याओं और कानूनी सलाह की आवश्यकता से संबंधित अपनी चिंताएं साझा कीं।

इस निरीक्षण के पश्चात सचिव सोनी ने उपकारागृह प्रशासन को बंदियों की समस्याओं के तत्काल निवारण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने विशेष रूप से साफ-सफाई बनाए रखने, चिकित्सा सुविधाओं में सुधार करने और विधिक सहायता के लिए पात्र बंदियों को तुरंत कानूनी सहायता उपलब्ध कराने पर निर्देशित किया। सोनी ने कहा यह निरीक्षण राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा बंदियों के मानवाधिकारों की रक्षा और उनके कल्याण को सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

**■ साफ-सफाई बनाए रखने, विधिक सहायता के लिए पात्र बंदियों को तुरंत कानूनी सहायता उपलब्ध कराने पर निर्देशित किया**

## सार-समाचार

### सर्वसम्मति से कार्यकारिणी गठित



**बौंली- बामनवास** । सवाई माधोपुर केंद्रीय सहकारी बैंक लिमिटेड की ग्राम सेवा सहकारी समिति संघ ब्लॉक बौंली की आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से कार्यकारिणी गठित की गई। ग्राम सेवा सहकारी समिति के सभी अध्यक्षों ने सर्वसम्मति से शंकर लाल गुर्जर निवासी बौंली को ब्लॉक अध्यक्ष चुना, एवं कमलेश मीणा जस्टाना को उपाध्यक्ष, नंदकिशोर सैनी खिरनी को कोषाध्यक्ष, नारायण सिंह कोलाड़ा को मंत्री व जगदीश यादव बड़ा गांव सरवर को सचिव चुना गया है। नवनिर्वाचित पदाधिकारी का समिति के अध्यक्षों ने माला व साफा पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर नवनियुक्त बौंली ब्लॉक के अध्यक्ष शंकर लाल गुर्जर ने कहा कि वह समिति व किसानों के हितों के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे एवं रक्षाबंधन के बाद संघ की बैठक आयोजित की जाएगी।

### संयुक्त शासन सचिव से गौरव उत्सव समिति ने की भेंट

**अलवर** । स्वतंत्रता गौरव उत्सव समिति के सदस्यों ने राजस्थान सरकार में संयुक्त शासन गृह सचिव आईएएस भास्कर ए सांवत से मुलाकात की। समिति अध्यक्ष गौरीशंकर विजय ने बताया कि अलवर में स्वतंत्रता दिवस की संध्या पर पिछले 9 वर्ष से स्वतंत्रता गौरव उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य देश की स्वतंत्रता व देश की रक्षा के शहीद हुए महान बलिदानियों को स्मरण करते हुए व उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि अर्पण करना व देश की सीमा पर खड़े भारतीय सेना का मनोबल बढ़ाना व देश के लिए शहीद हुए महान बलिदानियों को स्मरण करते हुए व उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि अर्पण करना है। अलवर के अतिरिक्त देशभर में यह कार्यक्रम आयोजित किया जाए, इसी उद्देश्य के साथ समिति अध्यक्ष गौरीशंकर विजय के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने जयपुर में मुलाकात की। समिति सदस्य मनोज गुप्ता और दीपक अठावाल ने बताया कि आईएएस भास्कर ए सांवत ने पुर्व में अलवर जिला कलेक्टर रहते हुए कंपनी बाग शहीद स्मारक के लिए 29 लाख का बजट अनुमोदित किया था, जिसके बाद ही शहीद स्मारक स्वरूप में महत्वपूर्ण बदलाव हुआ।उन्होंने बताया कि आईएएस भास्कर सांवत अलवर के बाद जहां भी पोस्टिंग कर रहे उन्होंने समिति के कार्यों को हमेशा सराहा। राजस्थान सरकार में विभिन्न उच्च पदों पर रहते हुए उन्होंने 15 अगस्त दीपोत्सव कार्यक्रम को आगे बढ़ाने में अपने स्तर पर महत्वपूर्ण सहयोग दिया। वर्तमान समिति को वह समय समय पर अपना मार्गदर्शन प्रदान करते रहे हैं। समिति की तरफ से मुलाकात के दौरान उनका आभार प्रकट करते हुए उन्हें आयोजित होने वाले कार्यक्रम के लिए सम्मान पुर्वक निमंत्रित किया गया। इस दौरान दिलीप विजय ,डाक्टर मंजू विजय इत्यादि उपस्थित रहे।

### गणेश चतुर्थी महोत्सव की तैयारी

**टोंक** । गणेश चतुर्थी के अवसर पर अन्नपूर्णा गणेश मंदिर परिसर में आयोजित होने वाले दो दिवसीय गणेश उत्सव को लेकर अन्नपूर्णा गणेश मंदिर प्रन्यास समिति द्वारा बुधवार को गणेश पूजन कर निमंत्रण दिया गया तथा महिलाओं ने श्रीगणेश के भजन गान कर माहौल को भक्तिमय कर दिया।इसी प्रकार आनन्दम संस्था के तत्वाधान में श्री गणेश महोत्सव को लेकर बुधवार को पण्डित पवन सागर के सानिध्य में मंत्रोचार के साथ पूजा-अर्चना कर अन्नपूर्णा गणेश मन्दिर पर गणेश भगवान को आमंत्रण पूजन किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष चन्द्रवीर सिंह चौहान, अध्यक्ष भगवान दास गुर्जर, महामंत्री राजेश मूमिया, शिवजी राम चौधरी, प्रभू बाडोलिया, सहित भाजपा कार्यकर्ता एवं सुनील बंसल, महंत कैलाशपुरी, शंकर पूरी, प्रेम रघुवंशी, अनिल विजय, नवीन त्रिपाठी, दीपक पुरी, पुनीत पुरी, महेंद्र बैरवा, देवेंद्र वर्मा, कमलेश चावला, आर. एन. पहाडिया, राहुल आदि ने पंडित ओम महाराज के सानिध्य में भगवान गणेश की पूजा-अर्चना कर गणेश उत्सव बढ-चढकर भाग लिया।

### चोरी का खुलासा नही, ग्रामीण आक्रोषित

**पावटा** । प्रदेश सरकार पुलिस को हर स्तर पर बेहतर बनाने की कोशिश में जुटी हुई है। बावजूद इसके प्रागपुरा थाना पुलिस अपने पुराने ढर्रे पर ही चल रही है। पुलिस की निष्क्रियता यह है कि क्षेत्र के विभिन्न गांवों में हुई चोरियों का आज तक खुलासा करना तो दूर किसी घटना का सुराग तक नहीं लगा सकी है। इससे चोरों का मन बढ़ा हुआ है। कस्बा क्षेत्र में चोरों के हौसले इस कदर बुलंद है कि क्षेत्र में इन दिनों चोरी की घटनाओं के अनेक मामले सामने आ रहे है। लेकिन पुलिस प्रशासन इन पर अंकुश लगाने में फेल साबित हो रहा है। पुलिस प्रशासन का स्लोगन है कि आमजन मे विश्वास व अपराधी में भय लेकिन धरातल पर स्थित इससे कहीं परे है। अब चोरों के मन से पुलिस प्रशासन का भय निकल चुका है। क्षेत्र में गत दिनों बावड़ी में रात चोरों ने चोरी की दो घटनाओं को अंजाम दिया जहां पर चोर इतने बेखौफ दिखे कि घर में सो रही महिला के पैरों से चांदी की पायजेब निकाल कर ले गए। वही चबूतरे वाले महाराज के निकट स्थित अनाज व्यापारी राजेश यादव के मकान व गौमती धाम राधे कृष्ण मंदिर में चोरी की वारदात को अंजाम दिया। वही पावटा में पुलिया स्थित जय शिव ऑयल मिल का सामने आया है, जहां अज्ञात चोरों ने टीन शेड को काटकर कार्यालय में रखे गल्ले के ताला तोड़कर नकदी सहित अन्य कीमती सामान पार कर लिया। वही फतेहपुरा खुर्द के गांव रूपपुरा की ढाणी रावतो की में गुरुवार देर रात चोरों ने एक मकान की खिड़की तोड़कर हजारों की नकदी और सोने-चांदी के आभूषण पार कर दिए। पावटा स्टील व कटर प्रेस कारखाने व एक दुकान से लाखों का सामान चोरी, ताला तोड़कर अंदर घुसे चोर, मशीनें, कॉपर वायर सहित औजार लेकर फरार हो गए। प्रागपुरा थाना पुलिस द्वारा अभी तक कोई खुलासा नही किया गया है। चोरी मामले में प्रागपुरा थाना पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। विगत दिनों हुई चोरियों का अभी तक खुलासा नहीं किया गया है।

## झूठा मुकदमा दर्ज करवाने वाले डॉक्टर के खिलाफ ज्ञापन सौपा

टोंक । पत्रकारों पर फर्जी एवं झूंठे मुकदमें कराकर पत्रकारिता के कर्तव्य से विमुख करने वाले अधिकारियों के खिलाफ आवश्यक कार्यवाही करने की मांग को लेकर जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन ऑफ राजस्थान (जार) ईकाई टोंक ने टोंक अति. जिला कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में पत्रकारों ने बताया कि सरकारी तंत्र में व्याप्त अनियमितता, भ्रष्टाचार तथा उप जिला चिकित्सालय रावतभाटा में डॉक्टरों की शराब पार्टी के वायरल वीडियो के आधार पर खबरें प्रकाशित एवं प्रसारित करने पर चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनिल जाटव द्वारा रावतभाटा थाने में पत्रकारों के खिलाफ झूंठे राजकार्य बाधा का मुकदमा दर्ज करवाया गया।

जिसके बाद पुलिस ने भी पत्रकारो का पक्ष सुने बिना उन्हे थाने में ले जाकर प्रताडित किया, जबकि संविधान व सुप्रीम कोर्ट की ओर से प्रदत्त प्रेस की अभिव्यक्ति के तहत पत्रकार अपने पत्रकारिता कर्तव्यों का निर्वहन कर रहे थे। पत्रकारो ने ज्ञापन में पत्रकारों पर दर्ज करवाए गए मुकदमें की निष्पक्ष जांच करवाने एंव रावतभाटा में लगभग दो दशक से एक ही स्थान पर पदस्थ चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनिल जाटव के खिलाफ कार्रवाही की मांग करने सहित पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने की ज्ञापन में मांग की हे। ज्ञापन देने वालों में जार के संरक्षक एस. एन. चावला, संयोजक पुरषोत्तम जोशी, जिलाध्यक्ष बृजेश परीडवाल, महासचिव रवींद्र जोहरी, अनिल विजय, अशोक शर्मा, कमलेश सैनी, गोरव विजय, अरशद शाहीन आदि मौजूद थे।

**■ चिकित्सालय रावतभाटा में डॉक्टरों की शराब पार्टी का वायरल वीडियो के आधार पर खबरें प्रकाशित हुई थी**

## अवैध ब्लास्टिंग से मकानों में आई दरारें

**कोटपूतली।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम कुजोता व अजीतपुरा कलां के ग्रामीणों ने एनएलसी द्वारा अवैध ब्लास्टिंग से मकानों में दरारें आने व नये ब्लॉक में खनन माफियाओं की अवैध गतिविधियों को रोकने की मांग को लेकर बुधवार को धरना देते हुये जिला कलक्टर प्रियंका गोस्वामी को ज्ञापन भेजा। ज्ञापन में बताया कि एनएलसी कंपनी द्वारा की जा रही अवैध ब्लास्टिंग के कारण गांवों के कई घरों में दरारें आ गई हैं। रोजाना तेज धमाकों जैसी आवाज आती है जिससे ग्रामवासियों, विशेषकर बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं में भय और असुरक्षा की भावना व्याप्त हो गई है। कई कच्चे मकान और पुराने पक्के मकान क्षतिग्रस्त हो रहे हैं, जिससे ग्रामीण परिवारों को रहने में दिक्कत हो रही है। यह ब्लॉक कुजोता और अजीतपुरा कला के बीच स्थित है। यदि यहां अवैध खनन प्रारंभ हुआ, तो दोनों गांवों के बीच की सड़कें, पेयजल स्रोत, गौचर भूमि और खेती की जमीन प्रभावित होंगी।

# कलेक्टर ने मेडिकल, नर्सिंग एवं यूनानी कॉलेज का निरीक्षण किया

**टोंक।** जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने बुधवार को जिला मुख्यालय के ग्राम चराई स्थित निर्माणाधीन मेडिकल एवं नर्सिंग कॉलेज का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने यूनानी मेडिकल कॉलेज की व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। जिला कलेक्टर ने दोनों निर्माणाधीन कॉलेज भवनों के प्रशासनिक कक्ष, लैब रूम, हॉस्टल, स्टडी कक्षों में अब तक हुए कार्यो निरीक्षण किया। उन्होंने आरएसआरडीसी के परियोजना निदेशक लोकेश गुप्ता को शेष निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। यूनानी कॉलेज के निरीक्षण के दौरान प्राचार्य मोहम्मद इरशाद खान ने क्षेत्र में जल भराव की समस्या के बारे में बताया। जिला कलेक्टर ने सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता दीन मोहम्मद को क्षेत्र का परीक्षण कर नाला निर्माण के प्रस्ताव बनाने के निर्देश दिए। इसके बाद जिला कलेक्टर ने ग्राम सोरण स्थित पेयजल एवं सीवरेज के 4 एमएलडी सीवरेट ट्रीटमेंट प्लांट एवं टोंक शहर को बीसलपुर बांध से पेयजल सप्लाई पंपिंग स्टेशन धोला खेड़ा की कार्य प्रणाली की अभियंताओं से जानकारी ली। इस दौरान उपखंड अधिकारी टोंक हुक्मीचंद रोहलानिया, जलदाय विभाग के सहायक अभियंता धर्मराज मीणा समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे। बाद में जिला कलेक्टर ने जिला रसद कार्यालय का वार्षिक निरीक्षण किया।



जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने बुधवार को जिला मुख्यालय के ग्राम चराई स्थित निर्माणाधीन मेडिकल एवं नर्सिंग कॉलेज का निरीक्षण किया।

## स्काउट-गाइडों ने सीखा विरासत से जुड़ाव

**कोटपूतली** । राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड संघ विराटनगर के तत्वाधान में कपासन माता मंदिर बाणगंगा में आयोजित पांच दिवसीय जिला स्तरीय राज्य पुरूस्कार स्काउट-गाइड प्रशिक्षण शिविर के तीसरे दिन प्रतिभागियों को विराटनगर के प्रमुख ऐतिहासिक और सांस्कृतिक स्थलों का भ्रमण करवाया गया। हाइक गतिविधि के अंतर्गत कोटपूतली स्थानीय संघ के सात स्काउट एवं पावटा संघ के 35 स्काउट-गाइडों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और ऐतिहासिक स्थलों की महत्ता व विरासत से जुड़ी जानकारियाँ प्राप्त कीं। शिविर संचालक प्यारेलाल महला एवं शिविर संचालक सीताराम गुप्ता ने बताया कि हाइक के दौरान बालकों ने टीम भावना, अनुशासन, मार्गदर्शन और खोजपरक दृष्टिकोण के साथ सीखने का अनुभव प्राप्त किया। भ्रमण के समय प्रतिभागियों ने विराटनगर के विभिन्न धार्मिक, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक स्थलों को देखा और स्काउटिंग की भावना से ओतप्रोत गतिविधियों में भाग लिया।